हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, गुरुवार 16 अप्रैल 2026

तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री


12 जल जीवन मिशन के 1.17 करोड़ रुपए पानी में अनियमितता...


11 डूंडेरा में नवीन धान खरीदी केंद्र का शुभारंभ



# संबलपुर पंचायत में सरपंच के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पारित

## सरपंच को हटाने के लिए 16 पंचों ने किया वोट

हरिभूमि न्यूज ▸▸| डौंडीलोहारा

समीपस्थ ग्राम पंचायत संबलपुर में सरपंच के खिलाफ लाया गया अविश्वास प्रस्ताव पारित हो गया। जिसके चलते सरपंच को अपने पद से हटना पड़ा। जानकारी के अनुसार यह जिले का संभवतः पहला मामला माना जा रहा है, जहां अविश्वास प्रस्ताव सफलतापूर्वक पारित हुआ है।

पंचों द्वारा लाए गए इस अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान के लिए 15 अप्रैल का दिन निर्धारित किया गया था। निर्धारित समयानुसार दोपहर 12 बजे पंचायत भवन में मतदान प्रक्रिया प्रारंभ हुई। इस दौरान पीठासीन अधिकारी के रूप में नायब तहसीलदार





दीपक चंद्राकर तथा सहायक पीठासीन अधिकारी शिवराम टेकामे की उपस्थिति में पूरी प्रक्रिया संपन्न कराई गई। पंचायत में कुल 20 पंच एवं एक सरपंच सहित 21 सदस्य हैं, जिनमें से मतदान के दौरान 18 पंच और सरपंच सहित कुल 19 सदस्य उपस्थित रहे। दो सदस्य अनुपस्थित रहे।

### 16-3 से पारित हुआ प्रस्ताव

पुलिस की तगड़ी व्यवस्था के बीच मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई, जिसमें अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में 16 मत पड़े, जबकि विपक्ष में 3 मत ही प्राप्त हुए। निर्धारित कोरम पूर्ण होने और बहुमत अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में जाने के कारण सरपंच को अपना पद गंवाना पड़ा। इस घटनाक्रम के बाद पंचायत क्षेत्र में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है।

## खबर संक्षेप

### जनगणना में ओबीसी के लिए पृथक कॉलम की मांग



**बालोद**। आम आदमी पार्टी द्वारा आगामी डिजिटल जनगणना में अन्य पिछड़ा वर्ग की गणना हेतु पृथक कॉलम निर्धारित करने की मांग को लेकर राज्य निर्वाचन पदाधिकारी के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। पार्टी के जिला अध्यक्ष बालक सिंह साहू ने कहा कि जनगणना प्रपत्र के बिंदु क्रमांक 12 में अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लिए स्पष्ट प्रावधान है, किंतु ओबीसी वर्ग को इससे वंचित रखना इस विशाल जनसमूह के अधिकारों का हनन है। ज्ञापन सौंपने के दौरान मुख्य रूप से जिला सचिव कैलाश बंजारे, जिलाध्यक्ष आरटीआई विंग रोहित साहू, पुनीता साहू, रेखराम, सुकारो बाई, कमलाबाई एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### सरपंच श्यामा मारकंडे की कुर्सी छिनी अविश्वास प्रस्ताव बहुमत से पारित

**लाटाबोड़**। बालोद ब्लॉक के ग्राम पंचायत भोईनापार की सरपंच श्यामा मारकंडे के खिलाफ ग्राम के पंचों द्वारा लाया गया अविश्वास प्रस्ताव पूर्ण मत से पारित हो गया। पंचायत इंस्पेक्टर चमपेश्वर यदु ने बताया 12 पंचो में से 11 पंचों ने सरपंच के विपक्ष और अविश्वास के पक्ष में मत किया इस तरह सरपंच के पक्ष के केवल 1 पंच ने वोट डाले इस तरह सरपंच क़ो अपना व एक पंच के वोट सहित कुल 2 वोट मिले अविश्वास प्रस्ताप पास होते ही सरपंच श्यामा मारकंडे क़ो जल्द पद से मुक्त किया जा सकता है। विदित हो कि पिछले एक वर्ष से ग्राम पंचायत भोईनापार में सरपंच और पंचों के बीच आपसी तालमेल नहीं होने से पंचों ने सरपंच क़ो पद से हटाने के लिए अविश्वास प्रस्ताव की पेशकश किया गया था।

### पारिवारिक विवाद में भाई ने बहन पर किया जानलेवा हमला

**बालोद**। पारिवारिक विवाद के चलते भाई ने बहन पर हमला कर दिया। जिसके बाद बहन के द्वारा मारपीट करने वाले अपने भाई के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई गई है। जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम नाहंदा निवासी तिलेश्वरी विश्वकर्मा ने पुलिस को बताया कि सुबह पारिवारिक बातों को लेकर मेरा बड़ा भाई रमेश विश्वकर्मा द्वारा मेरे साथ वाद–विवाद कर मुझे गालिया देते हुए जान से मारने की धमकी देकर लोहे के राड से मेरे सिर एवं पीठ में मारा है जिससे मेरे सिर में चोंट लगा है खून निकला है, तथा पीठ में मार पीट का निशान है। घटना के समय मेरे पिताजी घसिया राम वहीं थे।

### ओरमा सरपंच ने मानदेय से दी आर्थिक सहायता



**बालोद**। सड़क दुर्घटना में युवक की मौत के बाद ओरमा सरपंच ने परिजनों से मिलकर आर्थिक सहायता दी। जिला मुख्यालय से लगे ग्राम मेंड़की के एक युवक की सड़क दुर्घटना में मौत के बाद पूरे गांव में शोक की लहर फैल गई। जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह रायपुर में हुई सड़क दुर्घटना में भेष नारायण साहू उर्फ राजा साहू का निधन हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही ग्राम पंचायत ओरमा की सरपंच मंजूलता साहू अपने पंचों के साथ शोक संतप्त परिवार के घर पहुंचीं और मृतक के पिता जगदीश साहू से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की। इस दौरान उन्होंने अपने मानदेय से 4000 की सहयोग राशि प्रदान की। साथ ही शासन की ओर से मिलने वाली 2000 की श्रद्धांजलि सहायता राशि भी ▸▸| शेष पेज 11 पर

## सौगात : ग्रामों के साथ नगरों का हो रहा विकास: भाजपाई

# चुनाव के पहले नपं पलारी को करोड़ों की सौगात, डिप्टी सीएम साव ने वर्चुअली किया लोकार्पण-भूमिपूजन





हरिभूमि न्यूज ▸▸| गुरूर

नगर पंचायत पलारी में चुनाव के पहले उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय निकाय मंत्री अरूण साव द्वारा वर्चुअल करोड़ों के कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत 4 करोड़ के दर्जनभर से अधिक कार्यों की सौगात दी गई। इस दौरान नगर पंचायत पलारी में समारोह में भाजपा नेता उपस्थित थे।

नगर पंचायत बनने के बाद पलारी में जल्द ही प्रथम बार चुनाव संपन्न होने है। चुनाव की तैयारियां प्रारंभ हो गई है। बुधवार

### बनेंगी नालियां, सीमेंट क्रांकीट सड़क बाजार रोड भी बनाया जाएगा



को आयोजित समारोह में मंत्री अरूण साव ने वर्चुअली 17.94 लाख की लागत से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में बने शेड, 10 लाख की लागत से शीतला मंदिर के सामने बने शेड, कन्या शाला में 10 लाख की लागत से बना शेड व कन्या शाला में अतिरिक्त कक्ष 27 लाख के कार्यों का लोकार्पण किया। इस दौरान 296 लाख की लागत से बनने वाले दर्जनभर नालियों, सीमेंट कांक्रीट सड़क, 19 लाख की लागत से बनने वाली बाजार रोड एवं 21.13 लाख की लागत से बनने वाले मुक्तिधाम निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया।

### नवीन नपं में शहरी आवास योजना का शुभारंभ

कार्यक्रम में नगर के 49 आवास हितग्राहियो को प्रधानमंत्री आवास हेतु स्वीकृति आदेश प्रदान करते हुए शहरी आवास योजना का नवीन नगर पंचायत में शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा भाजपा सरकार में ग्रामों के साथ नगरों का विकास हो रहा है। भाजपा जो कहती है, वह करती है। भाजपा ने ही ग्राम पंचायत पलारी को नगर पंचायत का दर्जा प्रदान किया है। अब नगर पलारी में मूलभूत ढांचा बदलने लगेगा। इसकी शुरुआत हो चुकी है। भाजपा ने नगर पंचायत पलारी का बनाया है। भाजपा ही नगर पंचायत पलारी का विकास करेंगी।

### ये रहे मंचासीन

कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख, पूर्व विधायक प्रीतम साहू, जनपद सभापति तेजराम साहू, लक्ष्मी साहू, मिर्रीटोला मण्डल अध्यक्ष टुकेश्वर पांडे, सनौद मण्डल अध्यक्ष खेमलाल देवांगन, सहकारिता प्रकोष्ट जिला संयोजक लखन लाल गुरूपंच, पूर्व जिला पंचायत सदस्य पुष्पेन्द्र चन्द्राकर, यादव राम साहू, जनपद सदस्य गुलाब सिन्हा, संतोश गंगबेर, अशोक साहू, ग्राम समिति अध्यक्ष राजेश साहू, नंदकुमार साहू, हरिकृष्ण गंजीर सहित भाजपा नेता मंचासीन थे।

# जमीन विवाद में युवक की पीट-पीटकर हत्या

## तीन घंटे के भीतर दोनों आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अण्डा




थाना अण्डा क्षेत्र के ग्राम खाड़ा में जमीन विवाद के चलते एक युवक की मौत का मामला सामने आया है। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घटना के महज 3 घंटे के भीतर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

- हाथ-मुक्कों और लात-घूंसों से बेरहमी से मारपीट, अस्पताल ले जाते समय हुई मौत

जानकारी के अनुसार, घटना 12 अप्रैल की रात करीब 10 बजे की है। गांव के संतोष कुमार यादव और रोहित कुमार यादव का अपने पुराने परिचित शम्भू निषाद उर्फ देवचरण से जमीन को लेकर विवाद हो गया। शम्भू निषाद पिछले करीब 25 वर्षों से गुजरात में रह रहा था और बीच-बीच में गांव आता था। घटना के समय वह गांव के स्कूल पारा में मौजूद था। बताया जा रहा है कि जमीन को लेकर शुरू हुई कहासुनी देखते ही देखते विवाद में बदल गई। आरोपियों ने शम्भू निषाद के साथ हाथ-मुक्कों और लात-घूंसों से बेरहमी से मारपीट की, जिससे उसे गंभीर आंतरिक चोटें आईं। मृतक के बड़े भाई पिताम्बर निषाद ने बीच-बचाव कर उसे घर ले गया ▸▸| शेष पेज 11 पर

### पुलिस की त्वरित कार्रवाई और गिरफ्तारी

घटना के बाद फरार आरोपियों की तलाश के लिए पुलिस ने अलग-अलग टीम गठित की। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में कार्रवाई करते हुए संतोष कुमार यादव को कुथरेल और रोहित कुमार यादव को रायपुर से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी संतोष कुमार यादव (44 वर्ष) एवं रोहित कुमार यादव (42 वर्ष) दोनों निवासी ग्राम खाड़ा, थाना अण्डा, जिला दुर्ग के खिलाफ न्यायिक रिमांड की प्रक्रिया पूरी कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र में कानून व्यवस्था के प्रति भरोसा और मजबूत हुआ है।

# मुख्यालय से नदारद वन अधिकारी लकड़ी तस्करों के हौसले बुलंद

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुसुमकसा

कुसुमकसा अंचल में सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी के अतिरिक्त प्रभार व वन रछक के मुख्यालय में नहीं रहने से लकड़ी चोरों के हौसले बुलंद है प्रतिबंधित कहुआ सहित अन्य प्रजाति के लकड़ी का आए दिन दिन दहाड़े परिवहन किया जा रहा है अब तो बेखौफ सागौन वृछो की कटाई कर ले जा रहे है।

कुसुमकसा जुनवानी मुख्य मार्ग के बड़े पूल के समीप मुख्य मार्ग से लगभग 50 मीटर दूरी में सागोन लकड़ी का ठूंठ देखने को मिला जिसको देखने से हाल ही कुछ दिनों पूर्व में इलेक्ट्रिक आरा से काटना प्रतीत हो रहा है। पेड़ के पत्तों सहित छोटी पतली लकड़ी भी वहां पर नहीं है। मुख्य मार्ग के समीप सागोन लकड़ी की अवैध कटाई कर लकड़ी तस्कर लेकर जा रहे है तो वनविभाग के अधीन जंगलो में लकड़ियों की किया स्थिति रहेगी।

### नाका हटने और अधिकारियों की अनुपस्थिति से बढ़ी तस्करी

वनोपज जांच नाका कुसुमकसा भी राष्ट्रीय राजमार्ग 930 के सड़क निर्माण होने के बाद नाका तो हट गया। कार्यालय मुख्य मार्ग से अंदर होने ब वन विभाग के जिम्मेदार अधिकारी, कर्मचारी के मुख्यालय में ना रहने के कारण लकड़ी चोरी के हौसले बुलंद है और वे बेखौफ प्रतिबंधित लकड़ियां को काटकर पिकअप, ट्रैक्टर व मेटाडेरो में भरकर मुख्य मार्ग से अन्यत्र मनमाफिक परिवहन कर रहे है। मिली जानकारी अनुसार 21 जनवरी 2025 को कुसुमकसा सहायक वन परिक्षेत्र में भी किसान के भर्री जमीन पर प्रतिबंधित अर्जुन, साजा, बीजा



### एसडीओ ने दिए कड़ी कार्रवाई के निर्देश

एमसी डेहरे एसडीओ वन विभाग दल्लीराजहरा ने बताया की प्रतिबंधित लकड़ी की अवैध कटाई कर परिवहन करने की जानकारी मिली है। साथ ही बताया की वन विभाग के समस्त स्टाफ की मीटिंग लेकर मुख्यालय में रहने, सघन चौकसी करते हुए अवैध खनन, लकड़ी की अवैध कटाई व परिवहन करने वालों पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

पेड़ो के छोटे छोटे टुकड़ों का भंडार मिला था उक्ताशय की जानकारी राजस्व व वन विभाग के आला अधिकारियों को दी गई,सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी कुसुमकसा ने लकड़ी के जखीरा का मुआयना किया किंतु राजस्व जमीन में लकड़ी होने से कार्यवाही करने में असमर्थता व्यक्त किए तो राजस्व विभाग के अधिकारी को जानकारी देने पर जांच दल का गठन किया गया किंतु जांच दल के पहुंचने के पहले ही लकड़ी का जखीरा गायब हो गया था

गोरतलब है की वन परिक्षेत्र दल्लीराजहरा के सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी कुसुमकसा के निवास एवं कार्यालय व वनरछक के निवास हेतु शासकीय क्वार्टर काश्ठागार ▸▸| शेष पेज 11 पर

# जिला बनने के 14 साल भी उपडाकघर का उन्नयन नहीं

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद



जिला बनने के 14 साल बाद भी उप डाकघर का उन्नयन नहीं हो सका है। डाकघर का उन्नयन नहीं होने से जिले के लोगों को पासपोर्ट बनवाने सहित कई प्रमुख कार्यों के लिए आज भी दुर्ग, राजनांदगांव जिले की दौड़ लगानी पड़ती है।

समाजसेवी जयंत किरी ने अन्य जिलो की तरह ही बालोद में भी डाकघर में पासपोर्ट बनाने की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की है। जयंत किरी ने कहा जिला बनने के बाद भी बालोद को कई मूलभूत जरूरतो के लिए अपने पूर्ववर्ती जिला मुख्यालय पर आश्रित रहना पड़ता है। जिससे जिला के लोगों का समय व धन दोनो जाता है। जयंत किरी ने कहा, बालोद उपडाकघर को प्रधान डाकघर के रूप में जल्द ही उन्नयन किया जाए।

बता दें कि जिलें में अभी आठ उप डाकघर संचालित है। यह स्थिति वर्षों ▸▸| शेष पेज 11 पर

# रतनभाट में प्राचीन पांडुलिपियों का सर्वेक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| डौंडीलोहारा

ज्ञान भारतम राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण अभियान के अंतर्गत जिले के अंतिम छोर में बसे ग्राम रतनभाट में प्राचीन पांडुलिपियों एवं ऐतिहासिक सामग्रियों का सर्वेक्षण किया गया।

इस दौरान मठ पुरोहित एवं ज्योतिषाचार्य के निवास पर भोजपत्र, ताम्रपत्र सहित विभिन्न प्राचीन लिपियों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त हुईं। सर्वेक्षण दल में ब्लॉक नोडल अधिकारी एबीईओ साहू सर, सहायक नोडल विजय यादव एवं भागवत इंदौरिया शामिल रहे,



जिन्होंने मौके पर पहुंचकर उपलब्ध पांडुलिपियों और दस्तावेजों का विस्तारपूर्वक अध्ययन किया तथा इसकी जानकारी ज्ञान भारतम पोर्टल में दर्ज की। गांव के रहीम मियां ने दल को बताया कि उनके पास मौजूद ताम्रपत्र उनके पूर्वजों द्वारा प्राप्त किया गया था, जो अत्यंत प्राचीन है और उस पर अंकित लिपि भी अलग एवं दुर्लभ है।

उन्होंने यह भी बताया कि उनके पास भोजपत्र पर लिखित रामायण थी, जिसे उन्होंने पूर्व में प्रयागराज के एक पंडित को भेंट कर दिया है। इसके अलावा उनके पास तांबे के कुछ प्राचीन सिक्के भी सुरक्षित हैं, जो ऐतिहासिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माने जा रहे हैं। ▸▸| शेष पेज 11 पर

## ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिल रही मजबूती

# बाजारों में कच्चे आम की बहार, अचार-मुरब्बे की तैयारी में जुटीं महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दल्लीराजहरा

दल्लीराजहरा शहर और आसपास के क्षेत्रों में इन दिनों कच्चे आम की जबरदस्त आवक ने बाजारों की तस्वीर बदल दी है। हर गली, हर चौक और हर फल दुकान पर हरे-भरे आमों की बहार नजर आ रही है। सुबह से ही ग्राहकों की भीड़ उमड़ रही है, जिससे पूरे बाजार में रौनक अपने चरम पर पहुंच गई है। गर्मी की दस्तक के साथ ही घर-घर में पारंपरिक स्वाद लौट आया है। महिलाएं बड़े उत्साह के साथ आचार, चटनी और मुरब्बा बनाने में जुट गई हैं।

कच्चे आम की खटास और मसालों की खुशबू ने रसोईघरों को जीवंत कर दिया है। वर्षों पुरानी परंपराएं एक बार फिर जीवित होती नजर आ रही हैं, जहां परिवार के सदस्य मिलकर आम का संरक्षण करते दिख रहे हैं। इस बार कच्चे आम की आवक केवल शहर तक सीमित नहीं है, बल्कि आसपास के गांवों से भी बड़ी मात्रा में आम बाजार तक पहुंच रहे हैं। किसानों के चेहरे पर संतोष



झलक रहा है। एक किसान ने बताया कि मौसम अनुकूल रहने से इस साल आम की फसल बेहतर हुई है और बाजार में अच्छी कीमत मिलने की उम्मीद है। वहीं एक अन्य किसान का कहना है कि यदि यही स्थिति बनी रही तो इस सीजन में आम उनकी आय का मजबूत आधार बन सकता है।

### आने वाले दिनों में और बढ़ेगी आवक

फल व्यापारियों का कहना है कि इस बार कच्चे आम की गुणवत्ता और आकार दोनों बेहतर हैं, जिससे ग्राहकों का रुझान तेजी से बढ़ा है। कई लोग एक बार में बड़ी मात्रा में आम खरीदकर सालभर के लिए आचार और मुरब्बा तैयार कर रहे हैं। इससे छोटे दुकानदारों और ठेला व्यापारियों को भी अच्छा लाभ मिल रहा है। दल्लीराजहरा में कच्चे आम की यह बहार सिर्फ स्वाद तक सीमित नहीं है, बल्कि यह स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती दे रही है। किसानों, व्यापारियों और आम लोगों के बीच यह सीजन उत्साह और उम्मीद का संदेश लेकर आया है। आने वाले दिनों में आम की आवक और बढ़ने की संभावना है, जिससे बाजार की रौनक और भी बढ़ेगी।

## खबर संक्षेप

### नारी शक्ति वंदन विधेयक ऐतिहासिक क्षणः धारा



**अंडा।** जनपद पंचायत गुण्डरदेही सभापति धारा पंकज चौधरी ने कहा कि पूरे देश में इस समय उत्साह का माहौल है। महिलाओं को उनका अधिकार मिलने की दिशा में यह एक बड़ा कदम माना जा रहा है। धारा चौधरी ने कहा कि जिस प्रकार सभी मातृशक्तियों का इस बिल पर समर्थन दिखा रहे हैं, उससे इसके पारित होने की संभावना मजबूत हो गई है। उनके अनुसार यह देश के लिए एक ऐतिहासिक क्षण होगा और इससे महिला सशक्तीकरण को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने यह भी कहा कि इस अवसर से समाज को बहुत कुछ सीखने और आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह विधेयक बहुत जरूरी है क्योंकि महिलाओं को लंबे समय तक समाज में पीछे रखा गया है। उनके अनुसार यह बदलाव खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ा असर डालेगा, जहां महिलाएं अभी भी विकास की मुख्यधारा से दूर हैं। महिलाओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद भी व्यक्त किया। यह विधेयक महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि इससे महिलाओं को हर क्षेत्र में आगे बढ़ने और अपने पंख फैलाने का अवसर मिलेगा। उन्होंने यह भी कहा कि राजनीति सहित विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी जरूरी है, चाहे वह ग्रामीण क्षेत्र हों या शहरी। इस कानून के क्रियान्वयन पर कहा कि महिलाओं को हर क्षेत्र में पर्याप्त प्रतिनिधित्व मिलेगा।

### ललित भाजपा ओटेबंद मंडल के बने ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष



**अंडा।** भारतीय जनता पार्टी ओटेबंद मंडल में संगठन को मजबूती देते हुए ललित कुमार साहू देवरी ख को अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा का मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष कुलदीप साहू, खिलेन्द्र साहू, पूनम साहू, भूपेंद्र निषाद, शत्रुहन साहू, यशवंत साहू, छगन देशमुख, उत्तम गायकवाड़, लोमन साहू और तामेश्वर साहू सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है।

### मारुति डिवाइडर से टकराई, जीएम घायल

**भिलाई।** बुधवार को दोपहर सेंट्रल एवेन्यू रोड पर हुई सड़क दुर्घटना में भिलाई इस्पात संयंत्र के एक अधिकारी घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए सेक्टर नौ हास्पिटल ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद शाम को छुट्टी दे दी गई । वहीं कार चालक को भी मामूली चोट आई है।

## निधन

### घनाराम साहू



**गुरूर।** ग्राम खोरदो निवासी घना राम साहू का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे जानकी बाई के पति, अजेंद्र साहू के पिता, जनपद सभापति गुरूर संध्या साहू के ससुर थे।

**समक्ष-श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी डौण्डीलोहारा, जिला - बालोद (छ.ग.)**

शकुन्तला चंद्रवंशी पति जोहर लाल चंद्रवंशी, जाति गोंड, उम्र 62 वर्ष साकिन वार्ड नं. 10 राजापारा डौण्डीलोहारा, तहसील डौण्डीलोहारा, जिला बालोद छ.ग. ..........शपथकर्ती

**शपथ पत्र**

मैं शपथकर्ती शपथपूर्वक निम्न कथन करता हूं -

1. यह कि, शपथकर्ती का नाम व पता उपरोक्तानुसार है।
2. यह कि, शपथकर्ती का वास्तविक नाम शकुन्तला चंद्रवंशी पति जोहर लाल चंद्रवंशी है तथा शपथकर्ता की जाति गोंड है। त्रुटिवश भारतीय स्टेट बैंक शाखा डौण्डी में मेरे नाम पर शकुन्तला चंद्रवंशी के स्थान पर शकुन्तला बाई दर्ज हो गया है इसलिए शकुन्तला बाई के स्थान पर शकुन्तला चंद्रवंशी दर्ज कर सुधार किया जाना आवश्यक है के निमित सूचना प्रकाशन छ.ग. राजपत्र (गजट) में प्रकाशित कराने बाबत शपथ पत्र माननीय श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी डौण्डीलोहारा, जिला बालोद छ.ग. के समक्ष आज दिनांक 15/04/2026 को शपथकर्ता द्वारा निष्पादित है।
3. यह कि, शपथकर्ता के द्वारा शपथ पत्र में दी गई जानकारी सत्य है गलत पाये जाने पर पूरी जवाबदारी शपथकर्ती की होगी।

अस्तु शपथपत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ती

**सत्यापन**

मैं शपथकर्ती सत्यनिष्ठा से सत्यापित करता हूं कि शपथपत्र की कंडिका 1 से लेकर 3 तक दी गई जानकारी सत्य व सही है। जिसे पढ़कर / पढ़ाकर / समझकर स्थान डौण्डीलोहारा में दिनांक 15/04/2026 को अपना हस्ताक्षर कर सत्यापन करती हूं।

सत्यापनकर्ती

**आयोजन**

**शहर में गूंजा सामाजिक समरसता और जागरूकता का संदेश**

# श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई डॉ. आंबेडकर और महात्मा फुले की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहर

संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती और ज्योतिराव फुले की 199वीं जयंती सम्यक बौद्ध महासभा द्वारा डॉ. आंबेडकर मेमोरियल भवन में उत्साह, श्रद्धा और सामाजिक चेतना के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में सुबह से लेकर शाम तक विभिन्न आयोजन हुए, जिनमें बड़ी संख्या में समाज के लोगों ने भाग लिया।

प्रातःकालीन सत्र में गौतम बुद्ध, डॉ. आंबेडकर और महात्मा फुले के छायाचित्रों पर माल्यार्पण कर नील ध्वज एवं पंचशील ध्वज का ध्वजारोहण किया गया। इसके पश्चात बौद्ध उपासक-उपासिकाओं द्वारा सामूहिक त्रिशरण एवं पंचशील वंदना की गई, जिससे वातावरण पूरी तरह आध्यात्मिक और अनुशासित बना रहा। संध्या के समय बौद्ध समाज द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें समाज के युवाओं, महिलाओं और बच्चों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। शोभायात्रा ने पूरे नगर में सामाजिक एकता, समानता और जागरूकता का संदेश दिया, जिससे दल्लीराजहरा का माहौल उत्सवमय हो गया।

संध्याकालीन मुख्य कार्यक्रम में नगर के विभिन्न सामाजिक, प्रशासनिक एवं औद्योगिक क्षेत्रों से जुड़े प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने अपने





विचार रखते हुए शिक्षा, संगठन और सामाजिक जागरूकता को आगे बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सम्यक बौद्ध महासभा के अध्यक्ष दिलीप सुखदेवे ने कहा कि डॉ. आंबेडकर का जीवन संघर्ष, आत्मसम्मान और शिक्षा का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि कठिन परिस्थितियों में भी मजबूत संकल्प और शिक्षा के बल पर व्यक्ति समाज में परिवर्तन ला सकता है। उनका जीवन आज भी युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

नगरपालिका नेतृत्व की ओर से व्यक्त विचारों में कहा गया कि डॉ. आंबेडकर केवल एक व्यक्ति नहीं बल्कि एक विचारधारा हैं, जिन्होंने समाज को समानता, न्याय और अधिकारों के प्रति जागरूक किया। उनका "शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो" का संदेश आज भी प्रासंगिक है और समाज को आगे बढ़ाने का मार्ग दिखाता है।

समाज के अन्य प्रतिनिधियों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि महात्मा फुले और डॉ. आंबेडकर ने समाज के वंचित वर्गों को मुख्यधारा में लाने का जो कार्य किया, उसे आगे बढ़ाना आज की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। समाज को शिक्षा, आपसी भाईचारे और जागरूकता के माध्यम से मजबूत किया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों का स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। सामाजिक बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समारोह में जीवंतता और उत्साह भर दिया। पूरे आयोजन में अनुशासन, संगठन और सामाजिक एकता की मिसाल देखने को मिली। कार्यक्रम का संचालन सुरेंद्र मेश्राम द्वारा किया गया, जबकि आभार प्रदर्शन नितेश बाम्बेश्वर ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाज के पदाधिकारी, महिला मंडल, युवा वर्ग और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

सम्यक बौद्ध महासभा के पदाधिकारियों ने बताया कि ऐसे आयोजन समाज में जागरूकता फैलाने के साथ-साथ नई पीढ़ी को महापुरुषों के विचारों से जोड़ने का कार्य करते हैं। भविष्य में भी इसी तरह के कार्यक्रमों के माध्यम से शिक्षा, समता और सामाजिक न्याय के मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास जारी रहेगा।

### देवरीबंगला में अंबेडकर जयंती पर विविध कार्यक्रम



**डौंडीलोहारा।** ग्राम पंचायत देवरीबंगला में भारत रत्न एवं संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान डॉ. अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके विचारों पर संगोष्ठी आयोजित की गई, जिसमें उनके आदर्शों और संविधान निर्माण में योगदान पर विस्तार से चर्चा की गई। इसी क्रम में देवरी परियोजना के देवरी सेक्टर अंतर्गत पोषण पखवाड़ा भी मनाया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं की जानकारी देते हुए कुपोषण को दूर करने के लिए किए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि जन्म से 6 वर्ष तक के बच्चों, गर्भवती एवं धात्री माताओं को विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लाभान्वित किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान सरपंच डोमेन्द्र मंडावी ने जानकारी दी कि शासन के निर्देशानुसार 14 अप्रैल को ग्राम सभा आयोजित की जानी थी, लेकिन कोरम के अभाव में उसे स्थगित करना पड़ा।

**ये रहे उपस्थित**

इस अवसर पर उपसरपंच गोविंद ठाकुर, पंच अजय देवांगन, पूर्व जिला पंचायत सदस्य भगवती ठाकुर, बलीराम ठाकुर, सचिव करूणा देवांगन, रोजगार सहायक दिनेश निर्मलकर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तामेश्वरी देवांगन, रूखमणी ठाकुर, राधा ठाकुर सहित ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## डूंडेरा में नवीन धान खरीदी केंद्र का शुभारंभ

**अर्जुन्दा।** डूंडेरा धान खरीदी केंद्र के लिए चयनिति स्थान पर कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें प्रमुख रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष विश्वास जीतू गुप्ता, जनपद उपाध्यक्ष नीतीश मोंटी यादव, किरण तारम, शिव देवांगन, गौरी निषाद, पंकज चौधरी, ऊषा साहू, पूनम साहू, थलेंद्र सिन्हा, रेवा राम सिन्हा, सोमन निषाद ने नवीन समिति का शुभारंभ किया।

- किसानों को मिलेगी भीड़ और परेशानियों से मुक्ति

विश्वास जीतू गुप्ता ने कहा की लगातार किसानों के हित में किसानों की परेशानी की चिंता कर विष्णु देव सरकार काम कर रही है। आज कुरड़ी धान खरीदी केंद्र में भीड़ भाड़ से होने वाली परेशानी से किसानों को छुटकारा मिलकर एक नई धान खरीदी केंद्र का शुभारंभ डूंडेरा में हुआ है। कहीं ना कहीं यह किसानों के आर्थिक मानसिक और शारीरिक रूप से लाभ का विषय है।



सरपंच नवागांव उषा साहू व पंकज चौधरी ने किसानों किसानों को होने वाली परेशानियों पर प्रकाश डालते हुए बीते दिनों को याद किया और कहा कि सरकार ने बड़ी बारीकी से किसानों की समस्या को समझा और उसे दूर किया है। इस अवसर पर प्रमोद साहू, सतीश साहू, ओंकार सिंह, हरेराम साहू, देवेंद्र यादव, सूर्यकांत, गजेंद्र, कमलेश साहू, लवण चंद्राकर, धरमदास साहू, कृपाल सिन्हा, संतोष ताराम, शिखर साहू, छबिलाल कोर्राम, राधे देवांगन, कृतदास साहू, उत्तम निषाद सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के किसान मौजूद थे।

## पक्के घर की छत के नीचे अब सुरक्षित है पिंकी का परिवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

अगर इरादे मजबूत हो और सुशासन का साथ मिले, तो बरसों पुराने सपने भी सच हो जाते हैं। कुछ ऐसा ही हुआ है बालोद जिले की रहने वाली पिंकी सोनी के साथ, जिन्होंने अपने जीवन के 20 साल एक कच्चे मकान की जद्दोजहद में बिता दिए। आज प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के तहत उन्हें अपना पक्का घर मिल गया है। जहां वे अपने 03 बच्चों के साथ खुशी खुशी रहती है।

- जरूरतमंदों को प्रधानमंत्री आवास योजना का मिल रहा लाभ

पिंकी सोनी बताती हैं कि पिछले दो दशकों से वे एक कच्चे मकान में रह रही थीं। बारिश के दिनों में छत से पानी टपकना और तेज हवाओं में टीन की चादरें उड़ जाना उनके लिए हमेशा एक चुनौती थी। अपने पति के निधन के बाद, तीन छोटे बच्चों की जिम्मेदारी और आर्थिक तंगी ने उनके लिए पक्का घर बनाना एक नामुमकिन सा सपना बना दिया था। वे खिलौने की दुकान चलाकर अपने परिवार का पालन–पोषण कर रही हैं। पिंकी ने बताया कि इस मुश्किल दौर में प्रधानमंत्री आवास योजना'' उनके लिए एक नई उम्मीद लेकर आई। उन्हें चार किस्तों में 02 लाख 50 हजार रुपए की सहायता राशि प्राप्त हुई, जिससे उनका पक्का घर बनकर तैयार हुआ। इतना ही नहीं, गृह प्रवेश के लिए उन्हें गृह प्रवेश सम्मान योजना के तहत 32 हजार 850 रुपए की अतिरिक्त राशि भी प्रदान की गई, जिससे उन्होंने विधि–विधान से पूजा–पाठ कर अपने नए घर में कदम रखा। इसके साथ ही, उन्हें महतारी वंदन योजना का लाभ भी मिल रहा है, जिसकी राशि हर महीने सीधे उनके बैंक खाते में आती है, जिससे उनके परिवार को आर्थिक संबल मिला है।




अपनी आंखों में खुशी के आंसू लिए पिंकी सोनी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मैंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि मेरा अपना पक्का घर होगा। आज मेरा सपना साकार हो गया है। मैं सरकार को धन्यवाद देती हूँ जिन्होंने मुझ जैसी गरीब महिला की सुध ली।

## सौर ऊर्जा से रोशन होंगी जिले की 28 पंचायतें

### बालोद दिनकर परियोजना से सालाना होगी 91 लाख की बचत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला प्रशासन द्वारा बालोद दिनकर परियोजना की शुरुआत की गई है। यह परियोजना प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत वर्चुअल नेट मीटरिंग मॉडल पर आधारित है। बालोद दिनकर परियोजना के माध्यम से बालोद जिले की 28 पंचायतों में सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने का निर्णय लिया गया है। इसकी कुल प्रस्तावित क्षमता 1365 केडब्ल्यूपी होगी। बालोद दिनकर परियोजना को मुख्य रूप से अपनी ग्राम पंचायत सौर शक्ति प्रकल्प कहा जा सकता है।

भारत सरकार ने प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को मंजूरी दी है। इसका उद्देश्य सौर ऊर्जा शक्ति से स्थापित पक्की छत पर ऊर्जा सयंत्र के माध्यम से विद्युत उत्पादन क्षमता का हिस्सा बढ़ाना और अपनी बिजली खुद बनाने के लिए लोगों को सशक्त बनाना है। इस योजना में स्थानीय निकायों और ग्राम पंचायत स्तर पर पंचायतीराज संस्थाओं और स्थानीय लोगों को जागरूक करना है। जिससे सूर्य घर बिजली परियोजनाओं को विकसित कर देश में आरटीएस (रूफटॉप सोलर) के क्षेत्र में बढ़ोतरी होगी। प्रधानमंत्री सूर्य घर–मुफ्त बिजली योजना के तहत अब छत्तीसगढ़ में वर्चुअल नेट मीटरिंग की सुविधा प्रदान की गई है।

छत्तीसगढ़ राज्य में छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग के दिशा–निर्देश में प्रधानमंत्री सूर्य पर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत वर्चुअल नेट मीटरिंग के अनुसार सौर ऊर्जा संयंत्र (सोलर प्लांट) का परिसर में होना आवश्यक नहीं है। यह किसी दूर जगह पर हो सकता है, बशर्ते सीएसपीडीसीएल के क्षेत्र के अंतर्गत आता हो। प्रोजेक्ट बालोद दिनकर से छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में प्रधानमंत्री सूर्य पर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत वर्चुअल नेट मीटरिंग के प्रावधानों के तहत वर्चुअल नेट मीटरिंग मॉडल ग्रिड से जुड़े रूफटॉप सोलर प्लांट की कुल प्रस्तावित क्षमता 1365 केडब्ल्यूपी की स्थापना का निर्णय बालोद जिला प्रशासन द्वारा लिया गया है।

बालोद जिले की 28 ग्राम पंचायतों में विभिन्न सरकारी जन उपयोगी व्यवस्थाएं जैसे नलजल, सड़क बती, लाईट, सार्वजनिक शौचालय, सामुदायिक भवन, सांस्कृतिक मंच, सरकारी स्कूल, छात्रवास, ग्राम पंचायत भवन, आंगनबाड़ी, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, अस्पताल, पुलिस स्टेशन थाना, चौकी, धान संग्रहण केन्द्र, व्यायाम शाला, और अनेक सरकारी जन उपयोगी सरकारी कार्यालय व्यवस्थाएं के बिजली खर्च को कम करने के लिए, भारत सरकार के नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के दिशा–निर्देशों के अनुसार, वर्चुअल नेट मीटरिंग मॉडल के तहत सीएसपीडीसीएल ग्रिड से जुड़े रूफटॉप सोलर प्लांट लगाने का प्रस्ताव है।

प्रस्तावित रूफटॉप सोलर प्लांट ग्राम पंचायतों के अंतर्गत सरकारी भवनों की उपलब्ध आरसीसी छतों पर स्थापित किए जाएंगे, जैसे सरकारी स्कूल, छात्रवास, पंचायत भवन, कार्यालय, स्वास्थ्य केंद्र, अस्पताल, पुलिस थाना, अन्य सरकारी भवन पक्की छत पर ऊर्जा सयंत्र के माध्यम से विद्युत उत्पादन करेंगे और ग्राम पंचायतों में स्थित मौजूदा सरकारी कनेक्शनों की बिजली की खपत की भरपाई करेंगे। बालोद दिनकर परियोजना के संचालन से 14 लाख 27 हजार 640 यूनिट बिजली की बचत होगी। इससे प्रतिवर्ष लगभग 91 लाख 20 हजार की राशि बचेगी तथा आगामी 25 वर्षों में 22.79 करोड़ की बचत होगी। इस यूनिट की लागत 10.98 करोड़ है जो कि लगभग 12 वर्ष में वसूल हो जाएगी।

**मजदूर अपने कार्यों से निभाएं सक्रिय भूमिकाः सीईओ**

## जलसंरचनाओं को सुदृढ़ बना कर गांव का जलस्तर बढ़ाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बालोद सुनील चंद्रवंशी में ग्राम पंचायत कपरमेटा और धनोरा में मनरेगा के अंतर्गत संचालित कार्यों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा, आंगनबाडी केन्द्र का अवलोकन एवं जनभागीदारी अंतर्गत जेएसजीबी 2.0 के तहत प्रगति का जायजा लिया गया। मनरेगा मजदूरों के साथ संवाद कर उन्हें नीर चेतना अभियान से जोड़ा गया। जल संरक्षण के महत्व को विस्तारपूर्वक समझाया गया। श्रमिकों को प्रेरित किया गया कि वे अपने कार्यों के माध्यम से जल संरचनाओं को सुदृढ़ बनाते हुए गांव के जल स्तर को बढ़ाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। कपरमेटा बांध के ऊपर पंचायत द्वारा लगभग 1800 ट्रेंच निर्माण एवं रिचार्ज पिट का निर्माण किया जा रहा है, जो जल संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल किया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही गिरजाबाई, किशनलाल एवं राधाबाई नेताम के मकान का निरीक्षण कर शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया गया है।



इस अवसर पर जिला सीईओ के साथ जिला, जनपद एवं ग्राम पंचायत स्तर के अधिकारी कर्मचारी जनपद सीईओ उमेश रात्रे एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

**आंबा केंद्र में बच्चों से की चर्चाः** आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 1 में बच्चों से चर्चा की गयी। ग्राम पंचायत धनोरा में पौधारोपण कार्य का भी अवलोकन किया गया। जिसमें पौधों की सतत निगरानी रखने तथा मटका पद्धति से नियमित रूप से पानी देने के निर्देश दिए गए, ताकि पौधों की बेहतर वृद्धि सुनिश्चित हो सके।

## पेज 9 का शेष

### जमीन विवाद में ...

लेकिन उसकी हालत लगातार बिगड़ती गई। 13 अप्रैल को उसे जिला अस्पताल दुर्ग ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। प्रार्थी पिताम्बर निषाद की रिपोर्ट पर थाना अण्डा में अपराध क्रमांक 40/2026 के तहत धारा 103, 3(5) बीएनएस में मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई।

### मुख्यालय से नदारद ...

डिपो कुसुमकसा के परिसर में बना हुआ है। किंतु यहां पर कोई निवास नहीं करते वे समय समय पर मुख्यालय आते है और चले जाते है। तो प्रतिबंधित लकड़ी के अवेध कटाई और परिवहन करने वालो पर कार्यवाही कहा कर पाएंगे।

### रतनभाट में ...

सर्वेक्षण दल ने इन सभी सामग्रियों को संरक्षित रखने और उनके महत्व को समझाने की अपील की। यह अभियान क्षेत्र में छिपी प्राचीन धरोहरों को खोजने एवं संरक्षित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हो रहा है।

### ओरमा सरपंच ने मानदेय ....

मृतक के पिता को भेंट की गई। सरपंच ने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए कहा कि इस दुख की घड़ी में वे परिवार के साथ खड़ी हैं और आगे भी हर संभव मदद करती रहेंगी। इस मौके पर उपसरपंच रामचंद्र यादव, ग्राम के नागरिक धनराज साहू, रोशनी साहू, विश्वाकांत भारद्वाज, संतोष साहू, सुदामा साहू, ललित ठाकुर, तेजराम साहू सहित अन्य ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### जिला बनने के 14 ...

से है। सन 2012 में बालोद के जिला बनने के बाद उम्मीद थी कि उप डाकघर को प्रधान डाकघर के रूप में उन्नयन कर सुविधा विस्तार किया जाएगा। लेकिन जिला बनने के 14 साल बाद भी इंतजार खत्म नहीं हुआ। आज भी बालोद उप डाकघर के रूप में कार्य कर रहा है। जबकि बालोद उप डाकघर में कार्य का बोझ अधिक है।

जिले में 7 उपडाकघर अंतर्गत 160 शाखा डाकघर संचालित

जिले में बालोद, दल्लीराजहरा, डौण्डी, डौण्डीलोहारा, गुरूर, गुण्डरदेही, अर्जुन्दा एवं सिकोसा में उप डाकघर संचालित है। जिनके अंतर्गत लगभग 160 शाखा डाकघर संचालित है। बालोद को प्रधान डाकघर के रूप में उन्नत किया जाता है तो अन्य 7 उपडाकघरो एवं 160 शाखा डाकघरों को सीधा लाभ होगा एवं जिलेवासियो को कई सुविधाएं मिलेंगी।

**डाक भी देर से पहुंचती है गंतव्य पर**

बालोद उपडाकघर को प्रधान डाकघर के रूप में उन्नयन नहीं होने से डाक को भेजने में भी अतिरिक्त समय लग जाता है। बताया गया कि बालोद से डाक, प्रधान डाकघर जाती है। उसके बाद गंतव्य के लिए भेजा जाती है। बालोद को प्रधानडाकघर बनाया जाता है तो जहां एक ओर डाकसेवा की गति बढ़ेगी और जल्दी पहुंचेगी। वही सुविधाओं का विस्तार होगा।

## अग्निवीर भर्ती के आवेदकों को ऑनलाइन लिखित परीक्षा के लिए दिया जाएगा प्रशिक्षण

**बालोद।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र बालोद द्वारा अग्निवीर भर्ती के लिए पंजीकृत आवेदकों को ऑनलाइन लिखित परीक्षा हेतु प्रशिक्षण दिया जाएगा।

जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि भारतीय थल सेना में अग्निवीर भतऍं 2027 के लिए अधिसूचना जारी कर 10 अप्रैल तक ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किया गया था। उन्होंने बताया कि पंजीकृत अभ्यर्थियों का 1 जून से 15 जून के मध्य ऑनलाईन लिखित परीक्षा (सीईई) आयोजित किया जाना संभावित है। संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र बालोद द्वारा अग्निवीर भतऍं के लिए पंजीकृत आवेदकों को 01 मई से 31 मई तक ऑनलाईन लिखित परीक्षा हेतु परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इच्छुक पंजीकृत आवेदक रोजगार विभाग के पोर्टल मतवरहंत.बह.हवअ.पद पर ऑनलाईन आवेदन विभाग को प्रेषित कर सकते हैं।

इसके साथ ही इस संबंध में विस्तृत जानकारी हेतु जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र बालोद के सूचना पटल का अवलोकन भी कर सकते हैं।




विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### कांग्रेस की पंचायत और बूथ लेवल कमेटी गठित

**गुरूर।** कांग्रेस पार्टी के संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत ग्राम अरमरीकला में बैठक आहूत की गई, जिसमें ग्राम पंचायत कांग्रेस कमेटी एवं बूथ लेवल के कमेटियों का गठन किया गया। इसमें पंचायत कमेटी अध्यक्ष सोहन लाल साहू, अध्यक्ष बूथ क्रमांक 159 हेमंत बंजारे, अध्यक्ष बूथ क्रमांक 160 भागी राम साहू, अध्यक्ष बूथ क्रमांक 161 डोमन लाल साहू को बनाया गया है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी बालोद तामेश्वर साहू, मंणल अध्यक्ष अरमरीकला एवं डांडेसरा सरपंच टोमन साहू, ओमप्रकाश साहू सेक्टर अध्यक्ष, दिनेश साहू, महेन्द्र कोटेंगले, दया राम साहू, नेमी राम साहू, नारद राम साहू, इश्वर भारती, चेतन ठाकुर, सेवक बंजारे कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### चारवाही में हुआ गायत्री महायज्ञ



**बालोद।** ग्राम चारवाही में गायत्री प्रज्ञा महिला मण्डल एवं ग्रामवासी द्वारा 5 कुण्डीय शक्ति संवर्धन गायत्री महायज्ञ का आयोजन 11 अप्रैल से 13 अप्रैल तक किया गया। इसमें कथावाचक हेमंत ब्यास थे। जिसके अंतिम दिवस यज्ञ हवन के साथ महायज्ञ संपन्न हुआ। जिसमे प्रथम दिवस प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक मंगल कलश यात्र, संगीतमय प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन किया गया। द्वितीय दिवस 12 अप्रैल को दोपहर 1 बजे देव पूजन एवं प्रज्ञा पुराण कथा, विराट दीप महायज्ञ का आयोजन किया गया। तृतीय दिवस 13 अप्रैल को सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक गायत्री महायज्ञ, विभिन्न संस्कार, प्रज्ञा पुराण कथा एवं ऋषि पुत्रे की बिदाई की गई। कार्यक्रम में सभी प्रकार के संस्कार पूर्णतः निःशुल्क कराए गए। जिसमे बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### आंगनबाड़ी भवन का लोकार्पण



**कुसुमकसा।** ग्राम पंचायत कुसुमकसा के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 3 का नवनिर्मित भवन का लोकार्पण मंजू संजय बैस के मुख्य अतिथि, वेदबाई पिस्दा सरपंच ग्राम पंचायत कुसुमकसा की अध्यक्षता व योगेंद्र सिन्हा गांधी अध्यक्ष भाजपा मंडल कुसुमकसा सहित पंचगणों के विशिष्ट अतिथि में हुआ। नवीन भवन लोकार्पण पर बच्चों सहित उनके पालकों में खुशी की लहर दौड़ गई और उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पंचगण कुमारी मंडावी, चित्ररेखा मरकाम, सहिस्ता बेगम, सुगरा बेगम, खेमिन निर्मलकर, पंचायत सचिव सुखित भुआर्य, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ,सहायिका ,आंगनबाड़ी में पढ़ने वाले बच्चो सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे

**परेशानी : शो-पीस बनी पानी टंकी, पंचायत ने दिया तोड़ने का प्रस्ताव**

# जल जीवन मिशन के 1.17 करोड़ रुपए पानी में अनियमितता की भेंट चढ़ी आनंदपुर की टंकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

विकासखण्ड के ग्राम पंचायत आनंदपुर में जल जीवन मिशन अंतर्गत बनी पानी टंकी में पानी रिझता है। बार बार मरम्मत के लिए कहने के बाद जब मरम्मत हुआ लेकिन टंकी नही सुधरी तो ग्राम पंचायत ने ग्रामीणो की सहमति के बाद पानी टंकी को तोड़ने का प्रस्ताव कर दिया। पानी टंकी ग्राम में सो पीस बनी खड़ी है लेकिन ग्रामीणो को पानी के लिए मसक्कत करना पड़ रहा है।

पानी टंकी के पास पंप हाउस भी अधुरा है, कार्य पूरा किए बिना ही ठेकेदार ने पंचायत से पूर्णता प्रमाण पत्र लेने का प्रयास किया था, लेकिन तात्कालीक सरपंच ने कार्य अधुरा होने से प्रमाण पत्र नही दिया। यहां जल जीवन मिशन अंतर्गत 117.32 लाख रूपये स्वीकृत हुए थे। सूचना बोर्ड के अनुसार स्वास्तिक इन्फो एंजेसी कार्य एजेंसी है। कार्य आदेश 23 मार्च 2022 को जारी हुआ जिसे 9 माह मे पूर्ण करना था लेकिन तीन साल बाद भी कार्य अधूरा है। योजना के तहत बनी पानी टंकी गुणवत्ताहीन है। पानी टंकी बनने के बाद एक बार उसमें पानी भरा गया तो पूरी टंकी से चारो ओर से झरने की





तरह पानी निकलने लगा। पंचायत व ग्रामीणो के दबाव पर मरम्मत किया गया पर सुधार नहीं हुआ।

योजना के तहत बिछाया गया पाईप लाईन भी गुणवत्ताहीन है, जिससे पाईप जगह- जगह फूट रहा है। पानी टंकी उपयोगी नही होने से पंचायत अपनी पुरानी व नई पाईप लाईन से घरो मे पानी पहुंचा रही है, लेकिन जल जीवन मिशन की पाईप लाईन बार बार फूटने से पंचायत व ग्रामीण परेशान है। ठेकेदार ने योजना के तहत बोर खनन नही कराया। पंचायत के पुराने बोर मे ही मोटर फीट कर दिया हैं।

### जनप्रतिनिधियों का आक्रोश

मामले में तत्कालीन सपंच व वर्तमान जनपद पंचायत गुरूर अध्यक्ष सुनीता संजय साहू ने कहा की मेरे कार्यकाल में पानी टंकी की टेस्टिंग हुई थी। टंकी के चारो ओर से झरने की तरह पानी बह रहा था। ठेकेदार द्वारा मरम्मत के लिए ध्यान नहीं देने पर पंचायत ने पानी टंकी तोड़कर नया बनाने का प्रयास किया है।

वर्तमान सरपंच तेजराम साहू ने कहा की पानी टंकी गुणवत्ताहीन होने से उसमे पानी नहीं भर रहे है। ग्रामीणों को हम मोटर से सीधे पानी दे रहे हैं। ठेकेदार भी अब नहीं आता, सरपंच ने बताया की हमने सुशासन त्योहार में पीएचई को व अन्य को पत्र लिखा है लेकिन कही सुनवाई नहीं हो रही है।

### ठेकेदार ने बोर खनन नहीं कराया

उपसरपंच मुकेश साहू, पंच मनोज कुमार साहू, ग्रामीण संतोश कुमार साहू ने कहा की पेयजल को लेकर ग्रामीण परेशान है। गली का सीमेंटीकरण को पाईप लाईन के लिए तोड़ा गया उसकी मरम्मत जरूर हुई लेकिन गुणवत्ताहीन निर्माण से वह चंद दिनों में टूट गई अब ग्रामीण परेशान हो रहे है। सचिव उमेश्वरी साहू ने बताया कि ठेकेदार ने ट्यूबवेल खनन नहीं कराया है। पंचायत के बोर में ही मोटर डाल दिया है।

# टटेंगा स्कूल में जल मित्र दल का गठन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

नीर चेतना अभियान के अंतर्गत जल संरक्षण को बढ़ावा देने हेतु मोर गांव-मोर पानी अभियान के तहत उच्च कार्यालय के निर्देशानुसार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में स्वामी विवेकानंद यूथ एंड इको क्लब द्वारा जल मित्र दल का गठन किया गया। दल का मुख्य उद्देश्य जल अपव्यय को रोकना तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना है। कार्यक्रम के दौरान कक्षा 11वीं की पायल सुधाकर को जल मित्र दल का अध्यक्ष, पल्लवी देवांगन को उपाध्यक्ष बनाया गया। वहीं हेमलता, भावना, छवि, चेहक, प्रियल, प्रियांशु, डेविड एवं वीर को सदस्य के रूप में शामिल किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य आर.के. देवांगन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जल संरक्षण हम सभी की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने विद्यार्थियों से गांव-गांव में जल के महत्व को समझाने और जागरूकता फैलाने का आह्वान किया।

व्याख्याता हेपशीबा एंथोनी एवं क्लब प्रभारी अजय पाठक ने विद्यालय परिसर में पूर्व से निर्मित वाटर हार्वेस्टिंग के तीनों सोखता गड्ढों का उपचार कराया तथा जल स्त्रोतों के आसपास साफ-सफाई अभियान चलाया। उन्होंने विद्यार्थियों को जल संचयन, भूजल पुनर्भरण और जल स्त्रोतों के संरक्षण के लिए प्रेरित किया। इस दौरान वेद प्रकाश साहू ने भी सक्रिय भूमिका निभाते हुए वर्षा जल संचयन पर विशेष जोर दिया। कार्यक्रम में वरिष्ठ व्याख्याता चंद्रमणि वासनिक, टी.एल. देवांगन, रेशमी साहू, चंद्रा देबनाथ, पवन सिन्हा, भागवत साहू, महेश रावटे, रवि देवांगन, चंद्रप्रकाश सोनबोईर, अनुराधा खरे एवं सुरेंद्र नेताम सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित थे।

# नीर चेतना अभियान में जल संरक्षण का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद




■ हायर सेकंडरी के छात्रों ने पौधों का किया रोपण

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरथुली में नीर चेतना अभियान 2026 के तहत जल संचय एवं जनभागीदारी के संबंध में शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष डा. मानसिंह तारम, ग्राम सरपंच हरखराम खरे एवं विद्यालय के प्राचार्य घनाराम देशमुख के आतिथ्य में अभियान की बारिकी को समझाने हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

अतिथियों ने बताया कि पर्यावरण को सुरक्षित रखना हम सभी नागरिक के लिए आव"यक है। आज सभी ओर जंगल एवं पर्यावरण को नष्ट किया जा रहा है, जिसके कारण वर्शा होने की गति में कमी हो रही है। जब तक पर्यावरण सुरक्षित नहीं होगा, जनजीवन प्रभावित रहेगा एवं जल की आपूर्ति में कमी आयेगी। जल स्तर दिनों–दिन नीचे हो रहा है। इसी तारतम्य में नीर चेतना अभियान के अवसर पर शाला में विद्यार्थी एवं उपस्थित विद्यार्थियों शिक्षक, शिक्षिकाओं के द्वारा जल ही जीवन है के अंतर्गत जल संरक्षण एवं वाटर–इन–हारवेष्टिंग पर बल दिया गया।

इस अवसर पर विद्यालय में गमलों पर फुलदार पौधों का रोपण किया गया साथ ही विद्यालय के प्राचार्य घनाराम देशमुख एवं स्टाफ भागवत चतुर्वेदी, गजेन्द्रपुरी गोस्वामी, लाले"वर ठाकुर, हरीश रावटे, राजेश साहू, प्रदीप कुमार साहू, डमेन्द्र साहू, सौरभ पिस्दा, रेखा देशमुख, यशोदा नायक, कुमारी इन्दु वर्मा, सरोज ठाकुर मनोहर सिन्हा, नीता उर्वशा एवं भोजराज भुआर्य एवं नेहार निशाद, अंजली निशाद, राशि भूआर्य, एशवर्या चन्द्राकर, भूमिका चन्द्राकर, सोमेश साहू, हर्ष कुमार, एवन कुमार, मिताली, चन्दन कुमार छात्र, छात्रएं एवं जनभागीदारी सदस्य उपस्थित थें। इस अवसर पर नीर चेतना अभियान के संबंध में नारे एवं बैनर प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया।

# हर्षोल्लास के साथ मनाई गई बाबा साहेब की जयंती, आदमकद प्रतिमा के लिए भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी

डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती अंबेडकर संस्कृतिक भवन एवं कला मंच डौडी में हर्षोउल्लास के साथ मनायी गई। सर्वप्रथम प्रातः 10 बजे ध्वजारोहण मोहन्तीन चौरका नगर पंचायत अध्यक्ष, मुकेश कौडो जनपद अध्यक्ष, प्रवीन कुमार चतुर्वेदी विकासखंड शिक्षा अधिकारी डौडी रुपेश नायक मंडल अध्यक्ष, मनीष झा जिला कोषाध्यक्ष भाजपा, दिनेश अग्रवाल भाजपा नेता द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

बाबासाहेब के छायाचित्र पर माल्यार्पण मोमबत्ती अगरबत्ती लगाकर सामूहिक वंदना त्रिशरण पंचशील का पाठ किया गया। 10.30 बजे से बाइक रैली नागर भ्रमण करते हुए तहसील कार्यालय के समीप डॉ. भीमराव अंबेडकर की आदमकद प्रतिमा की स्थापना हेतु भूमि पूजन मोहन्तीन चौरका, मुकेश कौडौ, मनीष झा, रुपेश नायक,



दिनेश अग्रवाल, अजय चौहान द्वारा किया गया। 14 अप्रैल तक आदमकद प्रतिमा की स्थापना का आश्वासन प्राप्त हुआ है।

उक्त स्थल हेतु सर्व आदिवासी समाज डौडी गोंडवाना समाज डौडी हल्बा समाज डौडी सर्व डॉ. अंबेडकर अनुवाई संघ डौंडी बौद्ध समाज डौडी के मांग एवं अथक प्रयास से प्रतिमा स्थापना हेतु स्थल भूमि प्राप्त हुआ है तदपश्चात बाइक रैली आगे खैरवाही स्थित डॉ बाबासाहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर वापस रैली भवन में आकर समाप्त हुई दोपहर 1:30 से भोजन पश्चात मंच के कार्यक्रम 330 से प्रारंभ किया गया जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों द्वारा प्रस्तुत किया गया एवं वक्ताओं द्वारा बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के विचारों संघर्षों आदर्शो संविधान में वर्णित अधिकारों की जानकारी सभी वक्ताओं द्वारा दिए गए बाबासाहेब महा मानव महापुरुष महान अर्थशास्त्री महान विद्वान भारतीय संविधान के शिल्पकार जिनके पास 32 डिग्रियां एवं 09भाषाओं का ज्ञान था मानव समुदाय के उद्धारक जिनकी आदमकद प्रतिमा अमेरिका के कोलंबो विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार पर लगी है जहां पर लिखा गया है ज्ञान के प्रतीक डॉक्टर भीमराव जी अंबेडकर शाम 5.30 डीजे रैली धम्म रैली भवन से निकलकर थाना चौक मथाई चौक बाजार चौक दुर्गा चौक बस स्टैंड से वापस भवन में आकर समाप्त हुई कार्यक्रम का संचालन हरमित कुमार लेनपांडे द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम में आत्माराम कौडौ, अर्जुन कुमेटी, समीर धुर्वे, सुन्हेर कोसमा, देवलाल भुआर्य, कुंभकरण पिस्दा, हरिशंकर दामले, नंदकुमार नोन्हारे, हेमराज लेनपांडे, छगनलाल लेनपांडे, दिनेश मेश्राम, हरमित कुमार लेनपांडे, सुनील दामले, विजय दामले, नामदेव गेडाम, सीता राम गेडाम, सत्यवान बोरकर, कौशलकर लेनपांडे, मनीष उइके, रमेश बोरकर, शिवलेनपांडे, सत्यप्रकाश दामले,संतोष बोरकर रमेश बोरकर, प्रेमबाई लेनपांडे,ज्योति दामले, शांता दामले, निर्मला बोरकर, सुशीला बोरकर, निर्मला गेडाम, आशा उके, ललिता सहारे, किरण नोन्हारे, सरिता लेनपांडे, मुन्नी बोरकर कार्यक्रम में उपस्थित थे।

## धुरवाटोला में सीसी रोड निर्माण का भूमिपूजन...



**कुसुमकसा।** ग्राम धुरवाटोला में 19 .98 लाख की लागत से सी सी रोड निर्माण का भूमिपूजन चेमन देशमुख अध्यक्ष भाजपा जिला बालोद के मुख्य अतिथि में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अंजू कोसमा सरपंच ग्राम पंचायत धुरवाटोला विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला महामंत्री सौरभ लुनिया, भाजपा मण्डल अध्यक्ष योगेन्द्र सिन्हा गांधी, जनपद सदस्य आशा आर्य, जनपद सदस्य मंजू बैस मंडल महामंत्री मितेन्द्र वैष्णव मण्डल मंत्री संजय बैस युवा मोर्चा अध्यक्ष सचिन साहू थे। चेमन देशमुख ने कहा की कुसुमकसा भाजपा मंडल में जिस प्रकार से नए ऊर्जा के साथ लोग भारतीय जनता पार्टी के विचार से जुड़ रहे हैं, आने वाले समय मे जरूर कुसुमकसा मंडल भाजपा का गढ़ बनेगा। ग्रामीणों को राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के संबंध में जानकारी देते हुए उसका लाभ लेने की अपील की। इस अवसर पर झुग्गी झोपड़ी प्रदेश सदस्य हितेश डोंगरे, अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा के अध्यक्ष ललित पटेल, बलवंत साहू, अनुसूचित जनजाति के अध्यक्ष पूरन कृपाल, गुलशन कोठारी, गोविंद शर्मा, पुष्पजीत बैस, कमलकांत साहू, प्रताप भूरखुइया सहित ग्राम पंचायत के पंच व सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## किसना में गूंजा बाबा साहेब का संदेश, परिक्षेत्र स्तरीय जयंती समारोह हुआ

**बालोद।** डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती देवरी बंगला परिक्षेत्र स्तरीय कार्यक्रम जिले के ग्राम किसना में मनायी गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय बौद्ध महासभा जिला अध्यक्ष दिलीप मेश्राम थे तथा अध्यक्षता बौद्ध महासभा परिक्षेत्र देवरी अध्यक्ष सुनील रंगारे ने की। ग्राम फरदफोड से रैली प्रारंभ होकर कार्यक्रम स्थल तक पहुंची। दिलीप मेश्राम ने बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व का स्मरण करते हुए कहा कि उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन, वंचित, शोषित और समाज के कमजोर वर्गों के अधिकारों की रक्षा एवं उनके उत्थान के लिए समर्पित किया। उनके जीवन और विचार समाज को समानता, न्याय और अधिकारों के प्रति जागरूक करते हैं।

सुनील रंगारे ने कहा कि उन्होंने कठिन परिस्थितियों में शिक्षा हासिल कर पुरी दुनिया में पहचान स्थापित की। बाबा साहब एक महान अर्थशास्त्री, विधिवेत्ता और समाज सुधारक थे। जिन्होंने भारतीय संविधान के निर्माण में महत्वपूर्ण



भूमिका निभाई। मण्डल अध्यक्ष विवेक वैष्णव ने कहा कि डॉ. अंबडेकर ने शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो का नारा दिया था। उन्होंने समाज के अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग के उत्थान के लिए आजीवन संघर्ष किया, जिसे भुलाया नहीं जा सकता। रामलाल नायक ने कहा कि बाबा साहब ने नौकरी में काम के घंटे 12 से घटाकर 8 घंटे लागू करने में अहम् भुमिका निभाई। वे सामाजिक समरसता के प्रतीक थे। अस्पृश्यता निवारण में उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। विजय चौहान शिक्षक के मार्गदर्शन में स्कूली बच्चों ने सांस्—तिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, रत्ना मेश्राम ने कहा कि डॉ. अंबेडकर का मानना था शिक्षा उस शेरनी के दूध के समान है जो पीयेगा वो दहाड़ेगा। मेश्राम ने कहा कि भले ही दो रोटी कम खाएं पर अपने बच्चों को अवश्य पढ़ाएं।

आदिम जाति कल्याण विभाग के से.नि. परियोजना प्रशासक डी.पी. लोन्हारे ने आभार जताया। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में जिला पंचायत सभापति प्रभा नायक, जनपद पंचायत अध्यक्ष डौडी–लोहारा, कांतिप्रकाश सोनबरसा, डोमेश्वरी यादव, हिना साहू, गैंदलाल सिन्हा ने भी अपने विचार प्रकट किए। कार्यक्रम को सफल बनाने में देवेन्द्र कुमार मेश्राम, पीएस

### स्किल इंडिया रिपोर्ट का मुख्यमंत्री ने किया विमोचन

**भिलाई।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बुधवार को रूंगटा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी द्वारा तैयार इंडिया स्किल्स रिपोर्ट 2026 का विमोचन किया। कुलपति डॉ. जवाहर सूरीशेट्टी के नेतृत्व में तैयार इस रिपोर्ट में छत्तीसगढ़ सहित देशभर में कौशल विकास, रोजगार के अवसर, उद्योग की आवश्यकताओं और स्किल गैप का विस्तृत विश्लेषण प्रस्तुत किया गया है। रिपोर्ट में छत्तीसगढ़ के लिए विशेष अध्याय शामिल करते हुए नीति सुधार, उद्योग-अकादमिक सहयोग और युवाओं की रोजगार क्षमता बढ़ाने के ठोस सुझाव दिए गए हैं।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, वेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

**नियम तोड़ने पर 2 साल की जेल और 1 लाख जुर्माना का प्रावधान**

# अक्षय तृतीया पर बाल विवाह रोकने प्रशासन सख्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में 19 अप्रैल को अक्षय तृतीया पर बाल विवाह की रोकथाम सुनिश्चित करने हेतु जिला प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है। कलेक्टर मिश्रा के दिशा–निर्देशन में अक्षय तृतीया के दिन जिले में एक भी बाल विवाह न हो पाए इसके लिए महिला एवं बाल विकास विभाग तथा संबंधित विभागों के द्वारा समन्वित उपाय सुनिश्चित किए जा रहे हैं। कलेक्टर मिश्रा ने जिले वासियों को बाल विवाह की दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए संपूर्ण जिले वासियों से बाल विवाह की रोकथाम के पुनीत कार्य में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की। कलेक्टर मिश्रा ने कहा कि बाल विवाह एक सामाजिक बुराई एवं अपराध है। जो बालिकाओं की शिक्षा, सुरक्षा और विकास में बाधक है। उन्होंने कहा कि बाल विवाह उनके सपनों को साकार होने से रोकती हैं।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा 10 मार्च 2024 को छत्तीसगढ़ राज्य को 31 मार्च 2029 तक बाल विवाह मुक्त राज्य बनाने का संकल्प लिया गया है। इसके अंतर्गत राज्य शासन द्वारा वर्ष 2025–26 से 2028–29 तक चरणबद्ध रूप से बाल विवाह मुक्त



छत्तीसगढ़ बनाने हेतु लक्ष्य निर्धारित कर निर्देश जारी किए गए है। कलेक्टर मिश्रा ने कहा कि 19 अप्रैल को अक्षय तृतीया है, इन अवसरों पर बाल विवाह की संभावना को देखते हुए जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन एवं बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारियों को सजग एवं सतर्क रहने की आवश्यकता है। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 अनुसार 21 वर्ष से कम आयु के लड़के और 18 वर्ष से कम आयु की लड़की के विवाह को प्रतिबंधित करता है। इस अधिनियम में सजा के प्रावधान अनुरूप दो वर्ष तक कठोर कारावास अथवा जुर्माना जो कि 01 लाख तक हो सकता है अथवा दोनों से दण्डित किया जा सकता है। कोई व्यक्ति जो बाल विवाह करवाता है, करता है अथवा उसमें सहायता करता है उन्हें दण्डित किया जा सकता है। कोई व्यक्ति जो बाल विवाह को बढ़ावा देता है अथवा उनकी अनुमति देता है, बाल विवाह में सम्मिलित होता है वह भी दण्ड का भागीदार होगा। अधिनियम के अनुसार किसी महिला को कारावास का दण्ड नही दिया जा सकता है। ज्ञातव्य हो कि बालोद जिले की सभी 436 ग्राम पंचायतें एवं 09 नगरीय निकाय बाल विवाह मुक्त घोषित हो चुके है। वर्तमान में पंचायत सचिव एवं पर्यवेक्षक महिला बाल विकास विभाग बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी संसूचित है। कलेक्टर मिश्रा ने कहा कि जिले में बाल विवाह की रोकथाम सुनिश्चित करने हेतु पंचायत स्तर पर व्यापक प्रचार–प्रसार करते हुए हम सभी को मिलकर बाल विवाह मुक्त बालोद अभियान को आगे बढ़ाना है। जिससे हमारे बच्चों का भविष्य सुरक्षित एवं उज्ज्वल हो सके। कलेक्टर मिश्रा ने सभी जिले वासियों, जनप्रतिनिधियों, सर्व समाज प्रमुखों के साथ–साथ विशेषकर युवा पीढ़ी से पूर्ण जागरूकता का परिचय देते हुये बाल विवाह के रोकथाम के पुनीत कार्य में सहभागी बनने की अपील की है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
07 मई, 11 मई,
25 मई, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 31,500/-, 2 एसी- 38,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411